तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

# हरिभूमि बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 14 जून 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 माहेश्वरी समाज के 42 लोगों ने किया रक्तदान



12 ढाई माह से वेतन नहीं, शराब दुकानों के सुरक्षा ...




## खबर संक्षेप




### डीपीआरसी भवन में रोजगार मेला आज

**बेमेतरा।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बेमेतरा के सामंजस्य से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 14 जून को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कोबिया चौक के पास डी.पी.आर.सी. भवन बेमेतरा में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। इसमें निजी क्षेत्र के नियोजक द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अंतर्गत सेल्स रिप्रेजेन्टेटिव के 36 पद, ग्रुप लीडर के 02 पद व टीम लीडर के 01 पद शामिल हैं। रोजगार मेला में भाग लेने वाले इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल प्रमाण पत्र व सभी दस्तावेजो के फोटोकॉपी एवं 02 पासपोर्ट साइज फोटो के साथ स्वयं उपस्थित होकर रोजगार मेला का लाभ ले सकते हैं।

### अतिक्रमण व अवैध प्लाटिंग जोरों पर



**बेरला।** बेरला नगर पंचायत क्षेत्र में इन दिनों अवैध प्लाटिंग व अतिक्रमण का काम जोरों पर है। टुकड़ों में जमीन की खरीदी-बिक्री का खेल हो रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शासकीय जमीन पर अवैध प्लाटिंग की जा रही है। जहां पर भू-माफिया द्वारा छोटे-छोटे पोल की भांति खड़ा कर प्लाटिंग की मार्किंग कर घेराबन्दी की जा रही है। वहीं, चूने से लाइनिंग कर प्लॉट को चिन्हांकित कर दर्शाया गया है। एक तरफ अतिक्रमण कर कब्जा किया जा रहा है। वहीं बेरला अंचल में संचालित देशी व अंग्रेजी शराब दुकान के आसपास ही चखना सेंटर का कब्जा बना हुआ है। जहां असामाजिक तत्व हमेशा बना रहता है। जिस पर नगर पंचायत बेरला कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। इसके कारण से नगर पंचायत बेरला के कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में घिरे हुए हैं। वही इन दिनों नगर सहित बेरला-भिंभौरी तहसील, एसडीएम, उप पंजीयन क्षेत्र के अंतर्गत भूमाफिया अवैध प्लाटिंग कर राजस्व का चूना लगाने का काम कर रहे हैं। अवैध प्लाटिंग के मामले पर कोइ ठोस कार्रवाई नहीं किए जाने से ऐसे भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हैं।

### बीच सड़क पर चालू वाहन खड़ा कर सो गया चालक

**गुरूर।** जरा सोचिए, आप कहीं जा रहे हैं और सामने कोई गाड़ी बीच सड़क पर खड़ी हो। इस बीच आपको यह पता चल जाए कि गाड़ी खराब नहीं हुई है, बल्कि चालू हालत में है और वाहन चालक उसी में सो गया है, तब आप क्या करेंगे? कुछ ऐसी ही परिस्थितियों का सामना बालोद जिले के मुख्य मार्ग पर सफर कर रहे लोगों को ग्राम कन्हारपुरी में करना पड़ा। मिली जानकारी के अनुसार मुख्य मार्ग पर वाहन क्रमांक सीजी 07 बीएफ 2305 का चालक दोपहर लगभग तीन बजे अपना वाहन खड़ा कर सो गया। उस दौरान वाहन में एक अन्य व्यक्ति भी बैठा था, जो भी स्वयं भी होश में नहीं दिख रहा था। वहीं, इस पूरे घटनाक्रम के दौरान वाहन सड़क पर चालू हालत में ही खड़ा रहा। उधर, बीच सड़क पर वाहन खड़ा कर देने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। आस पास के ग्रामीणों ने चालक को गाड़ी चालू हालत में रखकर सोते हुए देखा, तो वाहन चालक को जगाया। बड़ी मशक्कत के बाद जब वाहन चालक जागा, तो ग्रामीणों ने उसे अपनी गाड़ी किनारे खड़ी करने कहा। चालक ने बड़ी मुश्किल से अपना वाहन वहां से हटाया।

# मोहगांव में ठेकेदार ने बिना एप्रोच रोड के बना दिया पुल, अधूरे कार्य से ग्रामीण नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ राज्य मण्डी बोर्ड दुर्ग अंतर्गत बेमेतरा ज़लिा के साजा ब्लॉक में विभिन्न पूर्ववर्ती निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर पोल खुलने लगी है। वैसे तो क्षेत्र में सैकड़ों निर्माण कार्यों पर करोड़ों रुपये की भारी भरकम राशि लुटा दी गयी है, किंतु इसके बावजूद ग्रामीण व क्षेत्रवासी सन्तुष्ट नहीं है। कहीं निर्माण कार्य की गुणवत्ता को शिकायत है, तो कहीं अधूरे कार्य से मंडी बोर्ड प्रशासन की खूब फजीहत हो रही है। इन दिनों साजा ब्लॉक के ग्राम मोहगांव में निर्मित अधूरे पुल की खस्ताहाल स्थिति पूरे क्षेत्र में चर्चे का विषय बनी हुई है। इसमें ठेकेदार द्वारा सुरही नदी के सहायक नाले पर पुल का निर्माण तो जैसे-तैसे हाल में कर दिया गया है। वहीं, पैसा बचाने के लिए पुल को मुख्य सड़क से जोड़ने वाले एप्रोच रोड का निर्माण किये बगैर ही ठेकेदार ने काम पूरा कर लिया है। यह स्थिति निर्माण के बाद दो साल से ऐसी ही बनी हुई है। इस दौरान ठेकेदार द्वारा अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए दोबारा ध्यान नहीं दिया गया। वहीं जिम्मेदार मंडी बोर्ड के इंजीनियर व अफसरों को भी मोहगांव के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कराने की फुर्सत नहीं मिली और न ही ठेकेदार पर कोई कार्रवाई की गई है।

- करोड़ों के कार्यों में गुणवत्ता की खुल रही पोल

## जिम्मेदारों की अनदेखी या ठेकेदार को खुली छूट, उठ रहे सवाल



### अनुपयोगी हुआ पुल

जिम्मेदारों की लापरवाही या अनदेखी का आलम यह है कि मोहगांव का यह पुल ग्रामीण व क्षेत्रवासियों के लिए अनुपयोगी हो चुका है। क्योंकि एक तो एप्रोच रोड नहीं बनने एवं घटिया निर्माण से पुल के दोनों साइड बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे बन गए हैं, जहां से वाहन को गुजारना काफी खतरनाक है एवं हादसे होने की सम्भावना ज्यादा है। फलस्वरूप मोहगांव में पुल के अधूरे पुल निर्माण से पूर्ववर्ती शासन के मंत्री का उनके गृह क्षेत्र में छवि काफी खराब हुई है। लेकिन, जिम्मेदार ठेकेदारों व विभागों द्वारा ऐसे कार्य से आमजनमानस में नकारात्मकता बढ़ने लगी है।

## उप तहसील देवरबीजा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहभट्ठा में सफाई व्यवस्था ठप

# गलियों में कीचड़ व गंदगी ने बढ़ाई ग्रामीणों की समस्या, बदबू से सांस लेना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला



जनपद पंचायत बेरला व उप तहसील देवरबीजा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहभट्ठा की प्रत्येक गलियों की नालियों की साफ-सफाई के अभाव के कारण बारह महीने कीचड़ से ग्रामीण परेशान रहते हैं। वहीं वार्ड क्रमांक 08 में हमेशा कीचड़ की जमावड़ा रहता है। गलियों में बगैर नाली के सड़कों पर गंदगी बह रही है। ऐसी स्थिति हमेशा बनी रहती है, जो दिनों दिन बढ़ती जा रही है। कार्यालय के सामने कीचड़ युक्त होने कारण किसान व क्षेत्र वासियों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा ग्राम के अन्य वार्ड में भी यही स्थिति बना हुआ है। जिससे ग्रामीण बहुत परेशान हो रहे है।

बता दें कि मानसून लगने से पहले गांव व शहरों के नालियों व सड़कों के कचरे की साफ-सफाई प्रशासन की ओर से अथक प्रयास किया जा रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन की जागरूकता पर लगातार दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। साथ स्वच्छता के प्रति जागरूक कर लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। लेकिन ग्राम पंचायत मोहभट्ठा के जनप्रतिनियों द्वारा उल्टा किया जा रहा है। गलियों में बह रहे गंदे पानी की, कई दिनों व महीनों से कीचड़ जमा, कचरे, अपशिष्ट पदार्थ पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत में 15वें वित्त की राशि व मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे ग्रामीण विकास पर वार्ड वासियों में सवाल खड़ा होने लगा है। गांव की नालियों व कचरे की सफाई भगवान भरोसे है। आप अंदाजा लगा सकते हैं कि गलियों में कीचड़ का जमावड़ा होने के कारण कितने महीनों से सफाई नहीं हुई होगी।

### सड़कों पर कीचड़, पनप रहे मच्छर, बीमारियों का खतरा

नल जल योजना से प्रत्येक घरों में नल की पानी की उपयोग कर रहे हैं वहीं वेस्ट पानी बाहर गलियों व सैकड़ों पर निकाल दिया जा रहा है। जो कई दिनों से सड़कों पर जमाव होने के कारण गंदगी पसरा हुआ है। नालियों की पानी लंबे समय से सफाई नहीं करने के कारण बदबू आने लगे हैं। वहीं, मच्छर पनप रहे जिनके काटने से गंभीर बीमारियों का भय ग्रामीणों को हमेशा सताता रहता है। इस गंभीर समस्या के समाधान की दिशा में ग्राम के जनप्रतिनिधियों द्वारा कोई पहल नहीं की जा रही है। इसके चलते ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा हो रहे हैं। सड़कों पर गंदगी फैले होने के कारण ग्रामीणों को चलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# 16 जून से 15 अगस्त तक मतस्याखेट पर लगा प्रतिबंध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी रणबीर शर्मा ने वर्षा ऋतु में 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्याखेट, विपणन एवं परिवहन पर प्रतिबंध लगा दिया है। वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) को दृष्टिगत रखते हुये उन्हें संरक्षण देने के लिए राज्य में उन सभी तालाबों एवं जल स्त्रोतों में जिनका संबंध नदी नालों से नहीं है, उसके अतिरिक्त जलाशयों में किये जा रहे केज कल्चर को छोड़कर सभी प्रकार के जल संसाधनों में मत्स्याखेट कार्य पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। जारी आदेश में कहा गया है उक्त अवधि में जिले के समस्त नदियों-नालों तथा छोटी नदियों, सहायक नदियों में जिन पर सिंचाई के तालाब, जलाशय (बड़े या छोटे) जो निर्मित किये गये हैं, में किये जा रहे केज कल्चर के अतिरिक्त सभी प्रकार का मत्स्याखेट 16 जून से 15 अगस्त 2024, तक पूर्णतः निषिद्ध रहेगा। इन नियमों का उल्लंघन करने पर एक वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपए का जुर्माना अथवा दोनों एक साथ होने का प्रावधान है। उक्त नियम केवल छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी नाले से नहीं है, में लागू नहीं होंगे।

- नियमों के उल्लंघन पर एक वर्ष का कारावास और 10 हजार रूपए जुर्माना

# शिवसेना का धरना-प्रदर्शन 20 को, तैयारियों को लेकर नांदघाट में बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शिवसेना की नांदघाट इकाई के पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं की बैठक जिला प्रमुख दाऊ राम चौहान की मौजूदगी में हुई। श्री चौहान ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के निर्देशन अनुसार बैठक ली गई जिसमे 20 जून को पार्टी के प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के नेतृत्व में रायपुर राजधानी में महाधरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया है। उक्त विषय पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़ी समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन व रैली की जाएगी। उक्त बैठक में जिला महासचिव शीतल दास मानिकपुरी, नवागढ़ विधानसभा प्रमुख श्याम लाल सेन, ब्लॉक प्रमुख राजेश साहू, प्रहलाद वर्मा, नांदघाट नगर व शहर अध्यक्ष दुवाश दास मानिकपुरी, सुमंत साहू एवं पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# कृषि अधिकारी ने सुझाया डीएपी का विकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के किसान अब अपनी खेती-बाड़ी में जुट गए हैं। जिले में ऋणी कृषकों की संख्या अधिक होने के कारण राज्य शासन के द्वारा 60:40 के स्थान पर 70:30 के अनुपात में सहकारी और निजी दुकानों को खाद आवंटन करने का निर्णय लिया गया है अर्थात 70 या 70 प्रतिशत से अधिक खाद रैक प्वाइंट से बेमेतरा जिले को खाद की आपूर्ति मार्कफ़ेड के माध्यम से की जा रही है। जिले के कलेक्टर रणबीर शर्मा द्वारा खरीफ सीजन वर्ष 2024-25 की तैयारियों की नियमित समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर ने जिले को मिले खाद-बीज आवंटन और उनके भण्डारण तथा समितियों के माध्यम से किसानों तक वितरण व्यवस्था की पूरी गहनता से समीक्षा की।

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने किसानों के खेती-किसानी की तैयारियों को विशेष ध्यान में रखते हुए कहा कि जिले को मिले खाद-बीज के आवंटन के आधार पर उपलब्ध खाद एवं बीज समितियों के माध्यम से पंजीकृत किसानों को वितरण सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी बाताया गया कि जिले में डीएपी खाद की मांग अधिक है, लेकिन इस खाद की उपलब्धता मांग की तुलना में कम है। डीएपी खाद के विकल्प में सिंगल सुपर फास्फेट खाद खेती-किसानी के लिए बहुत ज्यादा उपयोगी और गुणकारी है।कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि डीएपी खाद के विकल्प के रूप में खेती-किसानी के लिए सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके खाद की महत्व को किसानों को बताने की जरूरत है। कृषि विभाग के अधिकारी अपने अमलों के माध्यम से किसानों को खेती-किसानी के लिए समसमायिक उचित और सही सलाह दे, ताकि किसान भाई अपनी बेहतर खेती-किसानी कर सके। कलेक्टर ने कहा कि खाद-बीज की उपलब्धता, भण्डारण एवं वितरण की नियमित रूप से समीक्षा की जाएगी। शासन के द्वारा जिले के खाद भण्डारण का लक्ष्य 50520 मी.टन से बढ़ाकर 58940 किया गया। लक्ष्य के विरूद्ध 46182 मी.टन खाद जिले को आज तक प्राप्त हुई है जो पिछले साल के कुल खाद वितरण का 80 ▶▶| शेष पेज 14 पर

- कहा- डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट या एनपीके खाद का करें उपयोग

# प्रशिक्षण में सीखे नवाचार को स्कूलों में शत प्रतिशत लागू करें : ठाकुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



राज्य स्तरीय एफएलएन प्रशिक्षण का प्रथम चरण 10से 13 जून तक साजा विकासखण्ड के परपोड़ी जोन में सेजेस परपोड़ी में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के तीसरे दिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी साजा निलेश कुमार चंद्रवंशी ने कार्यक्रम का आकस्मिक निरीक्षण किया। बीईओ चंद्रवंशी ने प्रशिक्षण के उद्देश्य और पूर्ति के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने शिक्षण और प्रशिक्षण में अंतर बताते हुए अकादमिक विषयों पर भी प्रकाश डाला। इसी बीच संयुक्त संचालक दुर्ग संभाग आर. एल. ठाकुर का आगमन हुआ। उन्होंने प्रशिक्षण का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान संयुक्त संचालक आर एल ठाकुर ने प्रशिक्षण की आवश्यकता क्यों है, इस विषय पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही प्रशिक्षण में सीखे नवाचार को छात्रों तक शत प्रतिशत लागू करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही अनुपस्थित प्रशिक्षणार्थियों पर कार्रवाई करने को कहा। इस अवसर पर संकुल समन्वयक साजा होरी लाल मिर्जा, संकुल समन्वयक रानो सरोज यदु, डीआरजी मन्नू लाल साहू, सूरज कुंजाम एवं डोगेन्द्र कुंजाम तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से धनंजय मंडल एवं तीर्थ कुमार साहू, श्रीराम साहू, कुंभलाल वर्मा, अजय सिंह ठाकुर, रामकुमार पाल आदि उपस्थित रहे। ज्ञात हो कि इस प्रशिक्षण में साजा विकासखंड के 16 संकुल के समस्त 66 शालाओं के प्रधान पाठक शामिल थे।

- एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का संयुक्त संचालक दुर्ग ने किया आकस्मिक निरीक्षण

## शपथ ग्रहण समारोह में विधायक दीपेश हुए शामिल

# बेरला जनपद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



बेरला जनपद पंचायत उप चुनाव होने के बाद नवनिर्वाचित जनपद पंचायत बेरला के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष का शपथ ग्रहण कार्यक्रम जनपद पंचायत बेरला के सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत दोपहर 1:00 बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। उसके बाद नवनिर्वाचित जनपद अध्यक्ष अंजनी प्रीतम चंदेल, उपाध्यक्ष यामिनी वैष्णव एवं जनपद सदस्यों को एसडीएम पिंकी मनहर ने शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू थे। कार्यक्रम में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल विशेष रूप से उपस्थित थे। उनका स्वागत तिलक फूल माला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक दीपेश साहू ने कहा कि अब नए सिरे से गांव का विकास, क्षेत्र का विकास होगा, आम लोगों का विकास होगा, जो अभी तक अवरुद्ध था। उन्होंने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार आम जनमानस के लिए जानकल्याणकारी योजनाएँ संचालित कर रही है। जिनका लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा था। अब नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपाध्याय और जनपद सदस्य गणों के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं का प्रचार प्रसार होगा और आम लोगों तक सरकार की योजनाएं पहुंचेंगी। इससे आम जनमानस को सरकार की योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि और हम सब मिलकर सबका साथ सबका विकास की राह को लेकर क्षेत्र, गांव और आम जनता का विकास करेंगे।

कार्यक्रम में हर्ष वर्धन तिवारी,नीलू राजपूत, कन्हैया सेन, प्रहलाद वर्मा, पुरुषोत्तम यादव,अजय साहू, सेवाराम साहू, डोमेन्द्र राजपूत,मोहित साहू,जहर साहू, हिमेन्द्र साहू, टिकेंद्र साहू,अलख नायक, राजेंद्र वर्मा, राज साहू, दीक्षांत साहू, पुरुषोत्तम साहू, द्रोपती साहू, लता वर्मा सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक उपस्थित थे।

- कहा- अब नए सिरे से होगा क्षेत्र का विकास, लोगों को मिलेगा योजनाओं का लाभ

### रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के मामलों में 20 लाख से ज्यादा की वसूली

**बालोद।** कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में खनिज विभाग द्वारा अलग-अलग एवं संयुक्त टीम बनाकर रेत के अवैध परिवहन, भण्डारण और उत्खनन पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिला खनिज अधिकारी मीनाक्षी साहू ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अवैध उत्खनन के 11 प्रकरण दर्ज कर 10 लाख 32 हजार 500 रूपए की वसूली की गई। इसी तरह अवैध परिवहन के 39 प्रकरणों में 9 लाख 63 हजार 855 रूपए की राशि वसूली गई। वहीं, अवैध भंडारण का एक प्रकरण दर्ज कर 26 हजार 575 रूपए की वसूली की गई है।


पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन का किया अभिनंदन

**रायपुर।** लोकसभा के नवनिर्वाचित सांसद बृजमोहन अग्रवाल के शपथ ग्रहण करने के बाद पहली बार रायपुर आगमन करने पर बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया। इसी कड़ी में युवा भाजपा नेता एवं उद्योगपति सोनू तिवारी द्वारा चंगोराभाठा के सैकड़ों निवासियों एवं समर्थकों के साथ एयरपोर्ट पहुंच कर बृजमोहन अग्रवाल का अभिनंदन किया गया। इस दौरान सांसद श्री अग्रवाल पर फूल मालाओं की अप्रतिम वर्षा की गई और घंटो तक समर्थकों द्वारा नारे लगाए जाने पर बृजमोहन अग्रवाल जी भी भाव विभोर दिखे।

### डाक अदालत 20 को

**रायपुर।** कार्यालय मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, छत्तीसगढ़ परिमंडल रायपुर द्वारा जयस्तंभ चौक स्थित कार्यालय में 20 जून को शाम 4 बजे डाक अदालत का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम डाक सेवाओं से संबंधित ग्राहकों की शिकायतों पर प्रत्यक्ष परिचर्चा, वर्चुअल करके उनका समाधान किया जाएगा। परिमंडल के सहायक निदेशक आलोक गोमास्ता ने डाक ग्राहको से अनुरोध है कि वे अपनी शिकायतें यदि कोई तो प्रकरण से पूर्ण विवरण सहित कार्यालय पोस्टमास्टर जनरल, छग परिमंडल को 18 जून को दोपहर 2 बजे तक जमा कर सकते हैं। इस दिनॉक के बाद प्राप्त शिकायतों को इस अदालत में शामिल नहीं किया जाएगा।

### मां धूमावती जयंती 14 को

**रायपुर।** मां धूमावती सिद्धपीठ द्वारा पुरानी बस्ती स्थित शीतला माता मंदिर में 14 जून को मां धूमावती जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर शाम 6.30 बजे हवन-पूजन और अनुष्ठान महायज्ञ किया जाएगा। साथ ही मां धूमावती को समोसा, कचौडी, आलूगुंडा, मिर्ची भजिया, मुंगोडी, गुलगुला एवं स्वेत नैवेध का भोग अर्पित किया जाएगा। प्रबंध व्यवस्थपाक शीतल सैनी पुजारी ने बताया कि साथ ही एक वर्षीय अखंड ज्योति कलश की स्थापना भी की जाएगी। सभी भक्त मां को प्रसन्न कर मनवांछित फल प्राप्त करें।

### 7 स्थानों पर शीतल जल सेवा केंद्र



**रायपुर।** गर्मी के सीजन में रेलवे स्टेशन, बसस्टैंड में मुसाफिरों और आम जनता को शीतल पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने साधक परिवार शहर के 7 स्थानों पर शीतल जल सेवा केन्द्र संचालित कर रहा है। इसी कड़ी में रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 में 5 जून से 10 जून तक दोपहर 3 बजे से 6 बजे तक शीतल पेयजल और आंवला शरबत का निशुल्क वितरण किया गया। साधक परिवार की ओर से सजे हुए रथ के माध्यम से शहर की गरीब बस्तियों मे भंडारे का आयोजन 11 जून को दोपहर 2 बजे हनुमान मंदिर के सामने पंडरी कपड़ा मार्केट के गेट नम्बर 2 में किया गया। पुलाव, कढ़ी, हलवा व आंवला शरबत का वितरण किया गया। इस आयोजन में सरोरा वार्ड पार्षद दशरथ साहू, साधक परिवार के लेखराम साहू, हरेश गोविंदानी, यशवंत वर्मा, सीताराम सोनी, दीपक विधानीबाल संस्कार केंद्र के सेवाधारी उपस्थित थे।

### आईआईटी में कृष्णा ने हासिल किया 3608वां रैंक

**रायपुर।** प्रशासनिक सेवा में जाने की जुनून लिए भिलाई निवासी कृष्णा अग्रवाल पिता मुकेश अग्रवाल ने आईआईटी में लोहा मनवाया है। कृष्णा अग्रवाल ने राष्ट्रीय स्तर की आईआईटी परीक्षा में आल इंडिया रैंक 3608 हासिल की है। स्कूली शिक्षा दिल्ली पब्लिक स्कूल भिलाई से की है। भविष्य में प्रशासनिक सेवा में जाना चाहते है। कृष्णा अग्रवाल ने बताया कि, उनके सफलता के पीछे उनकी बडी बहन खुशी अग्रवाल का हाथ रहा है, जो हमेशा उन्हे प्रेरित करती रही है। उन्होने बताया कि, एनएन कोचिंग रायपुर से उन्होने पढाई की थी। इसकी तैयारी वे दो साल से कर रहे थे। जेई मेन्स दो चरण और जेई एडवांस के पहला चरण में उन्होने बेहतर रैंकिंग के साथ सफलता हासिल की है।

# अब बच्चों की आंखों का भी होगा इलाज, मल्टीस्पेशलिटी बनेगा माना अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

कोरोना के बाद नेत्र हास्पिटल के रूप में तब्दील हुआ माना अस्पताल जल्दी ही मल्टीस्पेशलिटी सुविधा से युक्त होगा। बड़ों के साथ यहां बच्चों की आंखों के इलाज की भी सुविधा होगी। रेटिना से संबंधित तमाम जांच और उपचार के लिए यहां आधुनिक उपकरण जुटाए जाएंगे। माना में अब तक मोतियाबिंद की सर्जरी पर फोकस था और दो साल में डेढ़ हजार से अधिक ऑपरेशन किए जा चुके हैं।

कोरोनाकाल के दौरान माना के सिविल अस्पताल को सौ बेड का विशेषीकृत अस्पताल बनाया गया था और बड़ी संख्या में मरीजों का इलाज किया गया था। महामारी का दौर समाप्त होने के बाद सामान्य मरीजों के इलाज के साथ नेत्र अस्पताल के रूप में उपयोग किया जाने लगा था। वहां पंडरी के जिला अस्पताल के नेत्ररोग विभाग को शिफ्ट कर ज्यादा से ज्यादा मोतियाबिंद की सर्जरी पर फोकस किया गया था। करीब दो साल में वहां डेढ़ हजार लोगों को मोतियाबिंद से मुक्त किया जा चुका है। सूत्रों के अनुसार अब आवश्यकताओं को देखते हुए अस्पताल को मल्टीस्पेशलिटी बनाने की योजना पर काम शुरू किया गया है।

आने वाले दिनों में यहां बच्चों की आंखों की समस्या का इलाज किया जाएगा। इसके साथ रेटिना से संबंधित तमाम ऑपरेशन यहां पूरे किए जाएंगे। इसके लिए यहां नेत्र चिकित्सकों सहित अन्य स्टाफ की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। जरूरतों के हिसाब से आधुनिक मशीन और संसाधन जुटाए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस योजना पर काम शुरू कर दिया गया है, जिसे आने वाले दिनों में कार्यरूप दिया जा सकेगा।

### कलेक्टर का दौरा, मरीजों से फीडबैक



कलेक्टर गौरव सिंह बुधवार की सुबह औचक निरीक्षण पर माना अस्पताल पहुंचे। उन्होंने मोतियाबंद की सर्जरी के लिए भर्ती मरीजों से तबीयत के साथ उपचार व्यवस्था और खानपान के बारे में पूछा। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को किसी भी तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने ऑपरेशन थियेटर के निरीक्षण के साथ शल्य क्रियाओं के बारे में पूछा। इस दौरान उन्होंने ओटी टेबल बदलने और साफ-सफाई पर जोर दिया।




- रेटिना की तमाम जांच और उपचार, आधुनिक उपकरण भी जुटाएंगे
- अभी तक मोतियाबिंद पर था फोकस, अब तक डेढ़ हजार ऑपरेशन

### सौ बेड का था अस्पताल, कोरोनाकाल में कोविड अस्पताल बनाकर उपयोग किया

काफी साल पहले माना के सिविल अस्पताल का निर्माण किया गया था और वहां सौ बेड की क्षमता विकसित की गई थी। आवश्यकता के हिसाब से ओपीडी का संचालन भूतल में ही पूरा हो जाता था और अन्य मंजिल के वार्ड बेकार पड़े थे। कोरोनाकाल में जब ज्यादा से ज्यादा बेड की जरूरत पड़ी, तो स्वास्थ्य विभाग ने इसके विशेषीकृत कोविड अस्पताल बनाकर उपयोग में लाया। दस करोड़ की लागत से बने इस अस्पताल भवन का अब पूरा उपयोग किया जा रहा है।

### सुविधायुक्त बनाएंगे

माना अस्पताल को सुविधायुक्त मल्टीस्पेशलिटी हास्पिटल बनाने की योजना है। यहां आवश्यक संसाधन जुटाएं जाएंगे और आंखों की विभिन्न समस्याओं का इलाज किया जाएगा।

**- डॉ. निधि अत्रीवाल,** नोडल अधिकारी, अंधत्व निवारण कार्यक्रम

## आबकारी कार्यालय में किया प्रदर्शन

# ढाई माह से वेतन नहीं, शराब दुकानों के सुरक्षा गार्डों ने कंपनी के खिलाफ खोला मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर जिले की शासकीय शराब दुकानों में कार्यरत सुरक्षा गार्डों ने एसआईएस कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। सुरक्षा गार्डों को पिछले ढाई माह से कंपनी ने वेतन नहीं दिया है। इससे परेशान होकर सैकड़ों की संख्या में सुरक्षा गार्डों ने बुधवार को सिविल लाइन स्थित आबकारी कार्यालय का घेराव कर यहां प्रदर्शन किया। सुरक्षा गार्डों के प्रदर्शन करने की खबर मिलते ही आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया। विभागीय अधिकारियों ने इस मामले को संज्ञान में लेकर कंपनी के लोगों को तत्काल कार्यालय बुलाया और सुरक्षा गार्डों को 3 दिन के भीतर वेतन देने का अल्टीमेटम दिया। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि इसके बाद भी कंपनी वेतन का भुगतान समय पर नहीं करती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

रायपुर जिले में शासकीय शराब दुकानों में गार्डों की नियुक्ति के लिए विभाग ने एसआईएस सुरक्षा कंपनी को ठेका दिया है। कंपनी को यह ठेका अप्रैल 2024 में दिया गया है। इससे पहले यह ठेका दूसरी सुरक्षा कंपनी को दिया गया था। इस कंपनी के भीतर जिलेभर में अलग-अलग शिफ्ट में लगभग ढाई सौ सुरक्षा गार्ड काम करते हैं। एसआईएस कंपनी को ठेका मिले लगभग ढाई माह हो चुका है, लेकिन ड्यूटी कर रहे सुरक्षा गार्डों में बमुश्किल 25 से 30 को ही वेतन दिया गया है, शेष सुरक्षा गार्डों को अब तक वेतन नहीं दिया गया है। इससे परेशान होकर सुरक्षा गार्डों ने कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए आबकारी कार्यालय का घेराव किया।

### तीन दिन में वेतन नहीं मिला तो विभाग करेगा कंपनी के खिलाफ कार्रवाई



### 3 दिन में वेतन नहीं दिया तो एक्शन लेंगे

सुरक्षा गार्डों को दो माह का वेतन नहीं मिला है। एसआईएस कंपनी का कहना है कि खाते अपडेट नहीं हैं, जिसके कारण पैसे ट्रांसफर नहीं हो रहा है। बातचीत के बाद कंपनी को 3 दिन का अल्टीमेटम दिया है। इसके बाद भी वेतन नहीं दिया तो नोटिस जारी कर एक्शन लेंगे।

**- विकास गोस्वामी,** उपायुक्त आबकारी रायपुर

### खाते अपडेट नहीं होने का बहाना बना रही कंपनी- सुरक्षा गार्ड

कंपनी के खिलाफ मोर्चा खोलकर आबकारी कार्यालय का घेराव करने पहुंचे सुरक्षा गार्डों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि उनका वेतन सीधे उनके खाते में आता है। सभी सुरक्षा गार्ड पुराने हैं, जो पिछले कई साल से शराब दुकानों में गार्ड की नौकरी कर रहे हैं। सभी सुरक्षा गार्ड के खाते अपडेट हैं, लेकिन नई कंपनी खातों को अपडेट नहीं होने का बहाना बनाकर वेतन दे नहीं रही है। उन्होंने बताया कि एक माह का वेतन नहीं मिलने के बाद कंपनी के लोगों ने कहा था कि एक सप्ताह के भीतर उनका रुका वेतन उनके खातों में पहुंच जाएगा, लेकिन ढाई माह बीत गए पर अब तक उनके खातों में वेतन के पैसे नहीं पहुंचे हैं।

# टीम कैट ने वित्तमंत्री ओपी चौधरी से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- जीएसटी से संबंधित नोटिस, ई-वे बिल सुझाव का ज्ञापन सौंपा

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानंद जैन की मौजूदगी में वित्तमंत्री ओपी चौधरी से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने जीएसटी से संबधित नोटिस एवं ई-वे बिल से संबंधित सुझाव का ज्ञापन सौंपा।

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने ज्ञापन के माध्यम से वित्तमंत्री को अवगत कराया कि वर्तमान समय में जीएसटी विभाग से जीएसटी से संबंधित नोटिस व्यापारियों के पास आ रहा है। यह ईज़ ऑफ़ डूइंग व्यापार के विपरीत है। इससे व्यापारी एवं सलाहकार को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। श्री पारवानी ने बताया कि राज्य के विभिन्न जिलों के व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा वर्तमान में जीएसटीआर-1 फॉर्म देर से दाखिल करने पर जुर्माना नोटिस जारी किया गया है। साथ ही विभाग द्वारा अन्य नोटिस व्यापारियों को दिया जा रहा है। विभाग द्वारा अचानक की गई इस कार्यवाही से व्यापारियों में भय का माहौल है, जिसके कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, जबकि व्यापारिक समुदाय सरकार को उसके कर संग्रह लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने में सहयोगी रहा है। व्यापारियों को जीएसटी विभाग द्वारा जारी जुर्माना नोटिस को स्वतः निरस्त किया जाना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वालों में जितेन्द्र दोषी, परमानन्द जैन, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, राकेष ओचवानी, जयराम कुकरेजा, प्रीतपाल सिंह बग्गा, सीए मुकेश मोटवानी, विक्रांत राठौर, परविन्द्रर सिंह, अमीत गुप्ता सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

# चिरायु से मिला कोमल को नया जीवन, हृदय की बीमारी का कराया इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



- गांव में जांच शिविर के दौरान मिला था कमजोर, दिल में था छेद

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु के माध्यम से चार साल के बच्चे को नया जीवन प्रदान करने में स्वास्थ्य टीम को सफलता मिली है। गांव में लगाए गए शिविर के दौरान जांच में कोमल नामक बच्चे की हृदय संबंधी समस्या का पता चला था। चिकित्सकीय टीम ने उसकी पूरी जांच के बाद सत्य साईं हास्पिटल ले जाकर उसका पूरा इलाज कराया।

जानकारी के अनुसार चिरायु की टीम द्वारा आरंग विकासखंड के ग्राम सकरी में शिविर लगाकर बच्चों की जांच की थी। इस दौरान चार साल का कोमल पिता योगेश साहू अन्य बच्चों से कमजोर पाया गया था। जांच के दौरान उसकी धड़कन सामान्य नहीं थी। इस आधार पर उसके माता-पिता को सलाह दी गई कि कोमल की जांच किसी हृदय रोग विशेषज्ञ से कराएं। उनकी सहमति के आधार पर चिरायु टीम ने टेस्ट कराया, तो उसकी गंभीर बीमारी का पता चला, जिसमें तत्काल ऑपरेशन की जरूरत थी। स्वास्थ्य टीम ने सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी के साथ खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. विजय लक्ष्मी अनंत, एनएचएम की डीपीएम मनीष मैजरवार तथा नोडल अधिकारी डॉ. श्वेता सोनवानी को इसकी जानकारी दी। उनके निर्देश पर बच्चे को आंबेडकर अस्पताल के बाद नवा रायपुर के सत्य साईं संजीवनी हास्पिटल ले जाकर अन्य तरह की आवश्यक जांच कर सर्जरी के बाद हृदय के सुराख को बंद कराया गया।

बच्चे की बीमारी का पता लगाकर उसे इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने में डॉ. अबरार आलम, डॉ. शोभा निषाद, एवं एएनएम टिकेश्वरी साहु का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जीएसटी विभाग का ई-संवीक्षा पोर्टल लांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य कर (जीएसटी) विभाग द्वारा सूचना एवं प्रौद्योगिकी का उपयोग कर नई पहल करते हुए "ई-संवीक्षा" पोर्टल लांच किया गया है। यह पोर्टल रजत बंसल, आयुक्त, राज्य कर की पहल पर राज्य कर मुख्यालय, नवा रायपुर के डायरी कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्ष द्वारा तैयार किया गया है। मैदानी कार्यालयों के अधिकारियों द्वारा जिसके अंतर्गत जीएसटी अधिनियम की धारा 61 एवं धारा 73 और/ अथवा धारा 74 के अंतर्गत की जाने वाली कार्यवाहियों की रिपोर्टिंग आनलाइन की जानी है।

प्रारंभिक चरण में "ई-संवीक्षा" के अंतर्गत "स्क्रूटनी माड्यूल" बनकर तैयार है एवं लाइव किया जा चुका है तथा "एड्जुडिकेशन माड्यूल" तैयार किया जा रहा है। इससे न केवल विभागीय अधिकारियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की मानिटरिंग की जा सकेगी, बल्कि ऐसे अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली मासिक डायरी भी आनलाइन होगी और एनालीटिक्स में इससे प्राप्त होने वाले आंकड़ों का राजस्व हित में उपयोग किया जाएगा।




- अधिकारियों के कार्यों की होगी मानिटरिंग

### व्यापारियों की परेशानियों का होगा निराकरण

व्यापारियों को होने वाली व्यवहारिक परेशानियों का निराकरण करने मे भी "ई-संवीक्षा" माड्यूल कारगर साबित होगा। गौरतलब है कि राज्य कर आयुक्त के ध्यान में कुछ ऐसे प्रकरण आये थे जिनमें एक ही व्यवसायी की एक ही अवधि के प्रकरण में एक से अधिक अधिकारियों द्वारा अलग-अलग समय पर नोटिस जारी किए गये थे, जिसके बाद आयुक्त द्वारा "ई-संवीक्षा" माड्यूल की आवश्यकता को ध्यान मे रखते हुए इसे तत्काल प्रभाव से लागू करवाया गया है।

# ग्राम तिरवैया में बनेगा हरा-भरा खेल मैदान

- कलेक्टर गौरव सिंह ने किया ग्राम पंचायत तिरवैया का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धरसींवा विकासखंड की ग्राम पंचायत तिरवैया के बच्चों और युवाओं को जल्द ही हरा-भरा खेल मैदान मिलेगा।

कलेक्टर गौरव सिंह ने बुधवार को इस गांव का दौरा किया। इस दौरान यहां प्रस्तावित खेल मैदान का जायजा लेते हुए उन्होंने पंचायत पदाधिकारियों को खेल मैदान बनाने के साथ मैदान में तार फेंसिंग करवाकर खाली स्थानों पर पौधारोपण करने के निर्देश दिए। इससे मैदान में खेलने व देखने पहुंचने वालों को हरेभरे पेड़ों की ताजा हवा के साथ छाया मिलेगी। इससे उनके स्वास्थ्य पर भी अच्छा असर पड़ेगा।कलेक्टर ने अपने दौरे के दौरान ग्राम पंचायत में मुक्तिधाम के लिए भी अलग जगह चिन्हांकित करने के निर्देश पंचायत पदाधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायत में चल रहे कामों में अधिक से अधिक काम स्थानीय महिला स्वसहायता समूहों की सहायता से कराये जायें, ताकि महिला समूहों को रोजगार भी उपलब्ध होगा। उन्होंने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत किए जा रहे तालाब गहरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया।

### कलेक्टर ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए

कलेक्टर ने गहरीकरण का काम कर रहे ग्रामीणों से बात कर उनका हाल चाल जाना साथ ही शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी चर्चा की। उन्होंने तालाब गहरीकरण के काम में लगे ग्रामीणों के लिये छाया की व्यवस्था, पेयजल की सुविधा एवं मेडिकल किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस निरीक्षण के दौरान नगर निगम रायपुर आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित ग्राम पंचायत के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में साढ़े पांच, मृत्यु दर में सवा पांच प्रतिशत की वृद्धि, तकनीकी के इस्तेमाल से एक्सीडेंट रोकने प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का समुचित विश्लेषण करने तथा आवश्यक सुधार करने बुधवार को इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस (आईआरएडी) को लेकर आईजी ट्रैफिक नेहा चंपावत की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चालू वर्ष में जनवरी से लेकर मई के बीच पिछले साल की तुलना में साढ़े पांच प्रतिशत रोड एक्सीडेंट में वृद्धि होने के साथ ही सवा पांच प्रतिशत मौत के आंकड़े बढ़ने के मामले को लेकर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में ट्रैफिक एआईजी संजय शर्मा के साथ ट्रैफिक पुलिस के सभी जिलों के अफसर शामिल रहे।

बैठक में हिट एंड रन मामले में प्रभावितों को जल्द राहत दिलाने क्षतिपूर्ण प्रकरणों को निर्धारित समय में दावा प्राधिकरण को प्रेषित करने के लिए निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सड़क दुर्घटनाओं के नियंत्रण के उपायों के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में राज्य के 15 जिलों में सड़क सुरक्षा उपकरण स्पीड राडार गन, एल्कोमीटर, सांउड मीटर, लक्स मीटर, डेशबोर्ड, सर्विलेंस कैमरा सहित सर्वसुविधायुक्त इंटरसेप्टर वाहन सहित अन्य सड़क सुरक्षा उपकरण जल्द उपलब्ध कराए जाने की जानकारी दी गई। उपकरणों के संचालन करने वाले चिन्हांकित लोगों को प्रशिक्षण दिए जाने की जानकारी दी गई।

### नए कानून के तहत ऑनलाइन जानकारी देनी होगी

गौरतलब है कि एक जुलाई से तीन नए कानून, जिसमें भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू होने जा रहा है। नए कानून लागू होने के बाद विवेचना अधिकारी को रोड एक्सीडेंट होने पर दुर्घटना स्थल पहुंचकर ऑनलाइन (लाइव लोकेशन, अक्षांश व देशांश सहित) प्रविष्टियां भरकर भेजनी होंगी।

### दुर्घटना में मृतकों के आश्रितों को जल्द मुआवजा मिले इसके लिए यथाशीघ्र प्रविष्टियां जमा करने निर्देश



### पांच माह में एक्सीडेंट की इतनी घटनाएं

वर्ष 2023 में जनवरी से मई की तुलना में इस वर्ष इन पांच महीनों में छह हजार 390 सड़क दुर्घटनाएं पूरे राज्य में हुई हैं। दुर्घटना में दो हजार 969 लोगों की मृत्यु हुई है। घायलों की संख्या साढ़े पांच हजार रही है। ज्यादातर सड़क दुर्घटनाएं मालवाहक वाहनों में यात्री परिवहन, ओवर स्पीडिंग, सड़कों पर खड़े वाहनों से होने वाली दुर्घटना है। सड़क दुर्घटना में सबसे ज्यादा मौतें ट्रैफिक नियमों की अनदेखी कर दोपहिया वाहन चालाने वाले वाहन चालकों की हुई हैं।

# माइनिंग घोटाला मामले में सूर्यकांत, विश्नोई से पूछताछ पूरी न्यायिक रिमांड पर जेल भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माइनिंग घोटाला मामले में ईओडब्लू ने हिरासत में लिए गए सूर्यकांत तिवारी तथा निलंबित आईएएस समीर विश्नोई से पूछताछ करने के बाद बुधवार को स्पेशल कोर्ट में पेश किया। दोनों आरोपियों को कोर्ट ने 18 जून तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने का फैसला सुनाया।

इसी के साथ ही जांच एजेंसी ने महादेव सट्टा एप घोटाला मामले में जेल में बंद नीतीश दीवान को प्रोटक्शन वारंट पर लेने के बाद कोर्ट में पेश किया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर पूछताछ करने कोर्ट में अर्जी दाखिल की। जांच एजेंसी की अर्जी पर कोर्ट ने नीतीश दीवान को 12 दिनों के लिए 24 जून तक जांच एजेंसी की रिमांड पर देने का फैसला सुनाया।

उल्लेखनीय है कि माइनिंग घोटाला के आरोपियों से ईओडब्लू ने जेल में पूछताछ करने के बाद उन्हें बारी-बारी से हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। वर्तमान में माइनिंग घोटाला के आरोपी खनिज अधिकारी एसएस नाग, सुनील नायक सहित अन्य दो को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। एक अन्य मामले में ईडी ने शराब घोटाला मामले में जेल में बंद अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी, अरविंद सिंह तथा त्रिलोक सिंह ढिल्लन को प्रोटक्शन वारंट पर लेने कोर्ट में अर्जी दाखिल की है, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। अर्जी स्वीकार करने के बाद शराब घोटाला के चारों आरोपियों को 14 जून को कोर्ट में पेश किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय से सांसद कश्यप ने की मुलाकात

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से यहां उनके निवास कार्यालय में बस्तर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद महेश कश्यप ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को उपहार स्वरूप काष्ठ शिल्प से निर्मित भगवान श्री राम की मूर्ति भेंट की। मुख्यमंत्री ने श्री कश्यप को लोकसभा सांसद निर्वाचित होने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### मनसुख सहित अनेक केंद्रीय मंत्रियों से मिले अशोक बजाज

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं रायपुर लोकसभा के चुनाव संयोजक अशोक बजाज ने बुधवार को केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा यादव एवं सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा से उनके सरकारी आवास में मुलाकात की। साथ ही तीसरी बार मोदी सरकार के गठन एवं नई सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी।

### पार्षद अनवर हुसैन को शोकॉज नोटिस, 7 दिन में मांगा जवाब

**रायपुर।** हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड के कांग्रेसी पार्षद अनवर हुसैन को शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने गांधी सदन में एमआईसी बैठक के दिन गेट के बाहर अर्ध नग्न प्रदर्शन करने पर शोकॉज नोटिस जारी किया है। उन पर अनुशासन हीनता बरतने के लिए 7 दिन के अंदर नोटिस का जवाब मांगा है। नगर निगम जोन 2 के मौदहापारा इलाके में पानी की समस्या को लेकर वार्ड पार्षद अनवर हुसैन ने अपनी ही पार्टी के महापौर के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए विरोध जताया। निगम मुख्यालय में एमआईसी बैठक के दिन गेट के बाहर अर्ध नग्न होकर धरने पर बैठे कांग्रेसी पार्षद ने वार्ड की समस्या को लेकर ध्यान आकर्षित कराया।

## निधन

### बुधियार सिंह साहू

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिंगरी निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य बुधियार सिंह साहू का 13 जून को निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे। वे डहर सिंह साहू, नेतराम साहू, मोखन साहू व डा नेम लाल साहू के पिता जी तथा डोमेन्द्र और भूषण साहू के दादा जी थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### देवकी बाई सेन

**लाटाबोड़/बालोद।** ग्राम भाठागांव बी निवासी देवकी बाई सेन का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को ग्राम भाठागांव बी के मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रेमलाल सेन की पत्नी तथा ग्राम पंचायत सचिव मटिया ह उमेंदसिंह सेन की माताजी थीं। अंतिम संस्कार में सामाजिक बंधु सहित ग्राम के अनेक नागरिक उपस्थित थे।

### सुरडोंगर स्कूल के विद्यार्थियों ने ग्राम भ्रमण कर लोगों को दी जानकारी

# विद्यार्थियों ने लोगों को अपनी जीवन शैली को पर्यावरण के अनूकूल बनाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

भारत सरकार के दिशानिर्देशन में चलाए जा रहे मिशन लाईफ योजना के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुरडोंगर विकासखंड डौंडी के विद्यार्थियों तीभा साहू गुजन साहू, ओजस्वी सोरी जागृति सेन एवं ममता अपने परिवार सहित यूथ एवं ईको क्लब छत्तीसगढ़ के राज्य स्तरीय मास्टर टेंनर संजय बंजारे के नेतृत्व में छात्रों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर साप्ताहिक कार्ययोजना बनाकर लगातार लोगों को जागरूक कर रहे हैं। इसके लिए ग्राम में भ्रमण कर लोगों से मिशन लाईफ से जुड़कर अपने जीवन शैली को पर्यावरण के अनूकूल बनाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मिशन लाईफ के तहत साप्ताहिक कार्ययोजना में प्रतिदिवस की अलग अलग थीम पर संदेश प्रसारित किए गए।

सिंगल यूजर प्लास्टिक को ना कहें ये सात पर विद्यार्थियों ने सप्ताह भर लोगों के पास जा जा जाकर विभिन्न गतिविधियों की मदद से जैसे विद्यार्थियों को प्रकृति की सैर कराने ,आसपास लगे वनस्पतियों के नाम एवं उनकी विशेषता बताई गई, वृक्षारोपण, नशापान जैसे तंबाकू, धूम्रपान से दूर रहने एवं बच्चों को जंक फूड से दूर रखने जैसे विषयों पर जागरूकता अभियान आयोजित कर स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किए।

इसी तरह सातो दिन थीम अनुसार जागरूकता कार्यक्रम जैसे जल संरक्षण की दिशा में पहल करने जल की उचित उपभोग करने जल की बर्बादी रोकने और वर्षा जल के संग्रहण हेतु प्रत्येक घर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाने के साथ साथ तालाबों का अधिकाधिक उपयोग करने हेतु अभियान चलाया गया।

बागवानी तथा किचन गार्डन बनाकर घर में साग सब्जी उगाने एवं किचन गार्डन में केवल जैविक खाद के उपयोग कर मिट्टी की उपजाऊ पन बनाए रखने व गंभीर रासायनिक खाद से होने वाले गंभीर बीमारी से बचने के लिए प्रेरित किए साथ सी साथ स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाने , ऊर्जा की बचत हेतु अनावश्यक डीजल,पेट्रोल व बीजली की खपत रोकने,एवं कूड़ा करकट कम से कम करने, ई अपशिष्ट के प्रबंधन और

निपटारे के लिए आवश्यक स्थान चयन कर सभी को एक ही जगह नष्ट करने व घरों में व दुकानो में उपयोग में लाई जाने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक को बंद करने के लिए अभियान चलाया गया।



### स्वयं को पर्यावरण के अनुकूल ढालना जरूरी

संजय बंजारे ने बताया कि यह कार्ययोजना भारत सरकार की ओर से चलाए जा रहे मिशन लाईफ के तहत है हम सभी को केवल सरकार के भरोसे ना बैठकर अपने लाईफ स्टाइल को समय रहते पर्यावरण के अनूकूल ढालना ही होगा नहीं तो हम और आने वाले पीढ़ी जीवन के लिए आवश्यक वस्तुएं पानी ,बीजली स्वच्छ आक्सीजन व स्वस्थ पोषण भी नसीब नहीं होगी। इस साप्ताहिक कार्ययोजना की ज़िला शिक्षा अधिकारी पीसी मरकले जिला समग्र मिशन समन्वयक अनुराग त्रिवेदी ,एपीसी जे.एलखुरश्याम, विकास खंड शिक्षा अधिकारी जे.एस.भारद्वाज बी.आर.सी.सच्चिनंद शर्मा एवं प्राचार्य बी.के.बहुरुपी सभी ने सरहानीय एवं अनुकरणीय पहल बताते हुए टीम की प्रशंसा की।

# सड़क हादसे में सरपंच घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सड़क हादसे में ग्राम पंचायत मटिया बी के भाजपा समर्थित सरपंच रोशन उइके घायल हो गए। घायल को 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला अस्पताल लाया गया, घटना रात्रि 9 बजे की बताई जा रही है।

- सांसद भोजराज से मुलाकात कर ग्राम पंचायत मटिया बी लौट रहे थे रोशन उइके

मिली जानकारी के अनुसार कांकेर लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग गुरुवार को सांसद बालोद प्रवास पर थे। उनका नागरिक अभिनंदन था। घटना की जानकारी प्राप्त होते ही नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग कार्यक्रम स्थल से घायल की स्थिति जानने जिला अस्पताल पहुंचे । वहीं, सांसद ने डॉक्टरों को बेहतर उपचार के लिए दिशानिर्देश दिए। इसी के साथ घायल की स्थिति को देखते हुए उन्हें राजनांदगांव रेफर किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार घायल सरपंच गुरुवार की शाम भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा कार्यालय में सांसद भोजराज नाग से मुलाकात करने पहुंचे थे। मुलाकात करने के बाद मोटरसाइकिल से वापस अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान रास्ते में साइकिल सवार एक व्यक्ति के साथ उनकी टक्कर हो गई। दुर्घटना में दोनों व्यक्ति घायल हो गए। घटना की जानकारी लगते ही भोजराज नाग कार्यकर्ताओं के मुलाकात कार्यक्रम को छोड़कर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचे। सांसद के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, भाजपा नेता यशवंत जैन, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश यादव, यगदत्त शर्मा, राकेश छोटू यादव सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ताअस्पताल पहुंचे थे।

# कृषि महाविद्यालय के छात्रों ने ग्रामीणों को बताया फोर्टीफाइड चावल का महत्व




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/कलंगपुर

पं. शिव कुमार शास्त्री कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र के छात्रों ने गांव में कुपोषण दूर करने फोर्टीफाइड और बायो फोर्टीफाइड चावल के बारे में जागरूकता लाने के लिए किसानों को जानकारी दी।

छात्रों ने गली मोहल्ले एवं चौक चौराहों पर उपस्थित किसानों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा मिलने वाले चावल में उपस्थित फोर्टीफाइड चावल से सबंधित जानकारी साझा की। उन्होंने प्लास्टिक चावल से जुड़ी मिथ्य बातों को गलत बताते हुए उक्त चावल में पाए जाने वाले मुख्य पोषक तत्वों जैसे जिंक, फोलिक एसिड, विटामिन 12 के महत्व को समझाया। छात्रों ने बताया कि गांवों में इन फोर्टिफाइड चावल को खाना पकाते समय छांट कर अलग फेंक दिया जाता है। इससे भोजन से ऊर्जा तो मिल पाती हैं परंतु शरीर के निर्माणकारी, तत्वों की पूर्ति नहीं हो पाती है।

छात्रों ने अपनी जानकारी में दो तरह से पाए जाने वाले फोर्टीफाइड चावल की जानकारी साझा करते हुए कहा कि पहला फोर्टीफाइड चावल जो चावल के आटे और फोर्टीफिकेट मिश्रण से बने चावल के आकार की कर्नेल जिसे कस्टम मिल्ड चावल के साथ 0.5–2 प्रतिशत के अनुपात पर मिलाया जाता है। दूसरा बायो–फोर्टीफाइड चावल जिसके अंतर्गत पारंपरिक पादप प्रजनन विधि तथा आनुवंशिक इंजीनियरिंग से धान के फसलों में पोषक तत्व के मूल्य को बढ़ावा दिया जाता है। इसमें जिंको राइस और गोल्डन राइस शामिल हैं। छात्रों द्वारा इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय से विमोचित बायो फोर्टीफाइड चावल को चार्ट के माध्यम से किसानों को चावल के किस्मों को तथा उनके लाभों को समझाया गया। जागरूकता भ्रमण के दौरान कृषि छात्र कुसुमलता, ललित, लिहर्ष, लोकेश्वरी, मनीषा, मिनल सिंह, मुस्कान, मोहन शामिल थे।

### क्यों किया जाता है चावल को फोर्टीफाइड

चावल की मिलिंग से उसकी वसा और सूक्ष्मपोषक तत्वों से भरपूर चोकर की परतों को हटा देता है, जिससे सामान्य रूप से अगर चावल का सेवन किया जाए तो उससे केवल स्टार्च प्राप्त होता है। चावल को पालिश करने से 70–90: विटामिन बी– 1, विटामिन बी–6, विटामिन ई और नियासिन नष्ट हो जाता है। चावल को फोर्टीफाइड करने से मिलिंग और पालिशिंग के दौरान खोए हुए सूक्ष्मपोषक तत्व जैसे आयरन, जिंक, फोलिक एसिड, विटामिन बी–12, और विटामिन ए जैसे अन्य सूक्ष्म पोषक तत्वों को जोड़ने का अवसर भी प्रदान करता है। कृषि विश्वविद्यालय रायपुर द्वारा विमोचित कुछ किस्म हैं, जिन्हें किसान आसानी से उगा सकते हैं। इनमें जिंक राइस–1, छ.ग. मधुराज–55, प्रोटाजिन, जिंक राइस एम.एस. जो मानव शरीर को प्रोटीन, जिंक, आयरन की पूर्ति करता है, साथ ही साथ डायबिटीज रोगियों के लिए लाभदायक होता है।

# सामाजिक कार्यक्रम से समाज की सभ्यता व संस्कृति का बोध होता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



विधायक कुंवर सिंह निषाद ने ग्राम पिनकापार में अखिल भारतीय हल्बा–हल्बी आदिवासी समाज 36गढ़ केंद्रीय महासभा द्वारा आयोजित 84 वाँ स्थापना दिवस समारोह में शामिल होकर मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के खुशहाली की कामना की।

- पिनकापार में अखिल भारतीय हल्बा–हल्बी आदिवासी समाज के कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक

सभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि छत्तीसगढ़ में हल्बा समाज ने हर वर्ग में अपना वर्चस्व स्थापित किया है, समाज के युवा अब कलेक्टर, एसपी बन रहे हैं। हल्बा आदिवासी समाज के द्वारा प्रति वर्ष स्थापना दिवस समारोह को बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। समाज के कार्यक्रम से सभ्यता, संस्कृति का बोध होता है। आदिवासी समाज के लोग स्वभाव से सरल व सहज होते है। हल्बा आदिवासी समाज अपने विचारों पर चलने वाला समाज है। उन्होंने शहीद गैंदसिंह के शहादत व उनके योगदान को भी याद किया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे।

### राहुल की राह पर छग के कांग्रेसी हार की जिम्मेदारी लेने तैयार नहीं

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने इस बात पर आश्चर्य जताया है कि विधानसभा के बाद प्रदेश की लोकसभा सीटों पर करारी हार के बाद भी कांग्रेस में हार की जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नहीं है। सब आपसी जुबानी जंग में लगे हैं या फिर हार से बौखलाए कांग्रेस नेता स्तरहीन बयानबाजी कर अपने दीवालिएपन का प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस के भीतर अब लगातार हार की समीक्षा के लिए बैठक बुलाने की मांग जोर पकड़ रही है, लेकिन कांग्रेस नेता सिर्फ हवा-हवाई बयानबाजी करके अपनी बची-खुची सियासी साख बचाने में लगे हैं। उन्होंने कहा, कांग्रेस की राजनीतिक संस्कृति ही यही रही है कि ऊपर से लेकर नीचे तक कोई नेता जीत को पचा नहीं पाता और हार के लिए खुद को जिम्मेदार नहीं मानता। कांग्रेस में राहुल गांधी से लेकर छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल तक यही कर रहे हैं। तीन-तीन लोकसभा चुनाव में अपने नेतृत्व में कांग्रेस के लगातार दयनीय प्रदर्शन के बाद भी राहुल गांधी अहंकार और खुशफहमी में जी रहे हैं। उन्होंने कहा, राहुल गांधी पहले यह तो बताएं कि जब जीत जाने का इतना भरोसा था, तो सोनिया गांधी रायबरेली सीट छोड़कर राजस्थान के रास्ते राज्यसभा में क्यों गईं? और, अपनी ही अमेठी सीट छोड़कर राहुल गांधी ने दो बार केरल की वायनाड सीट क्यों चुनी?

## वार्डों के परिसीमन के दौरान ब्लॉक दो वार्डों में न बंटें- नया आदेश

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में नवंबर दिसंबर में होने वाले नगर निगमों के चुनाव के लिए नए सिरे से वार्डों का परिसीमन करने का आदेश जारी करने के बाद राज्य सरकार ने इस संबंध में एक नया अतिरिक्त निर्देश जारी किया है। अब कहा गया है कि जनगणना वर्ष 2011 कार्य के लिए जो गणना ब्लॉक बनाए गए थे, यथा संभव यह गणना ब्लॉक पूरी तरह से एक ही वार्ड में शामिल रहे, किन्ही भी परिस्थितियों में गणना ब्लॉक दो या अधिक वार्डों में विभाजित न हो। इस संबंध में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को एक और आदेश बुधवार को जारी किया है। इसमें कहा गया है कि आगामी जनगणना का कार्य जनगणना 2011 के गणना ब्लॉकों के आधार पर किया जाना है। यह भी कहा गया है कि गणना ब्लॉक विभाजित हो जाने से जनगणना वर्ष 2011 के अनुसार अनुसूचित जाति, जनजाति, की जनसंख्या के आंकड़े गणना ब्लॉकवार उपलब्ध नहीं हो सकेंगे। निर्देश दिया गया है कि वार्डों के परिसीमन के दौरान इन निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जाए। एक दिन पहले सरकार द्वारा जारी सभी नगरीय निकायों का परिसीमन करने के लिए जारी निर्देश में कहा गया था प्रस्तावित वार्ड के चारों दिशाओं की सीमा, मानचित्र शामिल होगा। इसमें प्रत्येक वार्ड की चारों दिशाओं को इस प्रकार दिखाया जाएगा कि वार्ड की सीमा स्पष्ट रूप से अलग-अलग दिखाई दे। जनसंख्या संबंधी पत्रक जिसमें पिछली जनगणना के प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र की कुल जनसंख्या, अनुसूचित जाति, जनजाति, की कुल जनसंख्या, राज्य सरकार द्वारा संबंधित नगर पालिका क्षेत्र के लिए अवधारित वार्डों की कुल संख्या तथा इसके आधार पर हर वार्ड की औसत जनसंख्या शामिल होगी।

# चीरचार पहुंचे विधायक कुंवर सिंह विजेताओं को किया पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विधायक कुंवर सिंह निषाद ग्राम चीरचार में जय अंबे स्पोर्टस क्लब एवं ग्राम वासियों द्वारा आयोजित एक दिवसीय रात्रि कालीन कबड्डी प्रतियोगिता के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने विजेता टीम को पुरस्कार वितरित किया।

इस दौरान विधायक ने कहा कि कबड्डी जोश और अनुशासन का खेल है, क्योंकि खेलने वाले से ज्यादा देखने वाले लोगों में जोश और उत्साह रहता है। हार व जीत एक ही सिक्के के दो पहलु हैं। उन्होंने जय अंबे के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि हारने वाले खिलाडि़यों को निराश नहीं होकर कमियों को दूर करना चाहिए तथा अगली बार ऐसी प्रतियोगिताओं में अपना दमखम दिखाकर लोहा मनवाना चाहिए, उन्होंने युवाओं को एक लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढऩे, खेलों के साथ शिक्षा में भी रुचि लेकर क्षेत्र का नाम रोशन करने का आह्वान किया, उन्होंने युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे बढऩे की बात कही।

### जिला पंचायत सीईओ डॉ कन्नौजे ने बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# साफ-सफाई के प्रति लोगों को करें जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के कार्यों में गति लाने एवं जन–जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित करने के संबंध में बैठक ली।

बैठक में जिले के सभी विकासखण्डों के मुख्य मार्ग में स्थित झलमला, लाटाबोड़, पैरी, कचान्दूर, करहीभदर, चिटौद, कोलिहामार, कुसुमकसा, खैरवाही, गैंजी, सम्बलपुर, पसौद एवं नांहदा आदि ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव, रोजगार सहायकों के साथ पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में डॉ. कन्नौजे ने ग्राम पंचायतों में डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण कार्य निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। इस दौरान यूजर चार्ज लेने तथा सामुदायिक शौचालय संचालन एवं संधारण की व्यवस्था आदि के संबंध में चर्चा की गई।




बैठक में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्राम पंचायतों को ओ.डी.एफ. प्लस मॉडल बनाने हेतु ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के कार्य तथा प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में भी चर्चा की गई। इसके अंतर्गत घरों सार्वजानिक स्थलों को साफ रखने हेतु जागरूक करने के लिए स्वच्छता सप्ताह चलाये जाने पर चर्चा की गई एवं बताया जा रहा है कि कम से कम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करे जिससे प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके।


### श्रमदान से गांव की साफ–सफाई पर जोर

डॉ. कन्नैजे ने कहा कि गंदगी को गांवों से भगाकर बीमारी दूर करना है, जो कि स्वच्छता से ही संभव है, गांवों की साफ–सफाई बनाये रखने सामुदायिक सहभागिता की आवश्यकता है। उन्होंने श्रमदान के माध्यम से गांव के साफ–सफाई पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। डॉ. कन्नैजे ने ग्रामीणों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नही करने के लिए प्रेरित करने के भी निर्देश दिए।

जिससे कि प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभाव से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि गांव को स्वच्छ रखना अत्यंत आवश्यक है। अस्वच्छता के कारण जल जनित बीमारियाँ फैलती है। इसके साथ ही पेयजल स्त्रेत के समीप सोकपीट बनाने से जल स्तर में वृद्धि होगी।

### स्वच्छता पखवाड़ा 18 से

बैठक में बताया कि आगामी 18 से 25 जून तक स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सामुदायिक स्थल, जल स्त्रेत एवं अन्य स्थानों की श्रमदान के माध्यम से साफ–सफाई की जाएगी।



## खबर संक्षेप

### गर्मी को देखते हुए अभी स्कूल न खोले शिक्षा विभाग : किरी

गुरूर। नगर के समाज सेवी जयंत किरी ने जिले में पड़ रही गर्मी को देखते हुए एक सप्ताह बाद स्कूल आरंभ करने का आग्रह किया है। श्री किरी ने कहा है कि जिले में लोग भीषण गर्मी और उमस से परेशान हैं। सुबह भी घर से बाहर निकलने के लिए सोचना पड़ता है। उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में कुछ दिनों बाद स्कूल खुल जाएंगे, ऐसे में बच्चे किस तरह स्कूल जा पाएंगे। उन्होंने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए शिक्षा विभाग से कुछ दिन रूक कर स्कूल आरंभ करने का आग्रह किया है। उन्होंने अभी स्कूल खोले जाने पर बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने की चिंता जाहिर की है।



### सामान्य सभा की बैठक 19 जून को

दुर्ग। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 19 जून को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। बैठक में कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत प्राप्त ब्याज राशि से कार्यों के अनुमोदन संबंधित विषयों पर चर्चा की जाएगी। संबंधित पदाधिकारियों एवं विभाग प्रमुख अधिकारियों को उपस्थिति होने कहा गया है।

### सैनिक स्कूल में विभिन्न पदों पर निकाली भर्ती

दुर्ग। रक्षा मंत्रालय के अधीन संचालित सैनिक स्कूल अम्बिकापुर, मेण्ड्राकलां, जिला सरगुजा में मेडिकल ऑफिसर, काउंसलर, बैंड मास्टर म्यूजिक टीचर, हार्स राइडिंग इन्सट्रक्टरए,पीईएम पीटीआई.कम.मैट्रॉन, केवल महिलाओं के लिए, लैबोरेट्री असिसटेंट एवं वार्ड ब्वॉय, छात्रावास सहायक के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदक निर्धारित आवश्यक दस्तावेजों के साथ विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर सैनिक स्कूल अम्बिकापुर के कार्यालय में आवेदन कर सकते है। प्राप्त जानकारी के अनुसार स्कूल संस्थान किसी भी डाक देरी के लिए जिम्मेदार नहीं होगा। रिक्तियों की संख्या परिवर्तित की जा सकती है। स्कूल प्रशासन किसी भी समय किसी भी पद के लिए भर्ती प्रक्रिया को रद्द करने या बिना सूचना के अधूरे आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

### जिला कबड्डी प्रीमियर लीग 16 से

दुर्ग। लि अंतर्गत नगर निगम रिसाली के दशहरा मैदान में स्व.भरतलाल देशमुख स्मृति क्रीड़ा संस्था जिला दुर्ग द्वारा दुर्ग जिला कबड्डी प्रीमियर लीग जूनियर बालक वर्ग का आयोजन 16 व 17 जून को रिसाली दशहरा मैदान में किया जा रहा है। जिसमें दुर्ग जिले के विकास खंड धमधा, पाटन व दुर्ग के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के प्रतिभा को आगे बढ़ाने का मंच प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्ग जिला से 400 बच्चों ने ट्रायल दिलाया था, जिसमें 110 बच्चों का सिलेक्शन हुआ है। जिसमें 10 टीम बनाया गया है।

### आयोजन : शासकीय बालक हाई स्कूल दाढ़ी में प्रशिक्षण के प्रथम चरण का हुआ समापन

# बच्चों में बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक ज्ञान विकास ही प्रशिक्षण का प्राथमिक लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय बालक हाई स्कूल दाढ़ी में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता विकास प्रशिक्षण प्रथम चरण का समापन हो गया। प्राथमिक शाला शिक्षकों को शिक्षा सत्र प्रारम्भ पूर्व बच्चों को स्कूल रेडीनेस व बहुभाषायी शिक्षा के साथ साथ बुनियादी साक्षारता व संखायात्मक दक्षता हासिल करने प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान शिक्षकों को जनके भाषाई विकास हेतु बहुभाषायी शिक्षा व विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से खेल-खेल में सीखना सिखाया गया। बच्चे अपने परिवेश की भाषा से अच्छी तरह से परिचित होते हैं, शाला परिवेश में अपनी भाषा सुनकर शाला परिवेश से जुड़ते हैं तथा शाला की सीखने सिखाने की महौल से खुद को जोड़ते हैं। एससीईआरटी रायपुर के दिशा निर्देशानुसार जोन दाढ़ी में प्राथमिक शाला शिक्षकों व संकुल समन्वयकों का एफ.एल.एन. प्रशिक्षण हुआ। इस चार दिवसीय प्रशिक्षण में शिक्षकों ने बुनियादी साक्षारता व संख्यात्मक कौशल विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों व तरीकों से परिचित हुए। बच्चों में बुनियादी भाषा व बुनियादी संख्या ज्ञान विकसित करने हेतु बहुभाषायी शिक्षण व सरलतम गतिविधियां कराए जाने हेतु प्रेरित किया गया जिससे बच्चे आसानी से शाला परिवेश से जुड़ सके। इस दौरान स्कूल रेडीनेस कार्यक्रम के माध्यम से कक्षा पहली के छात्रों हेतु 12 सप्ताह की गतिविधियों व क्रियाकलापों से परिचित कराया गया, जिससे बच्चे आसानी से स्कूल परिवेश से जुड़कर बुनियादी कौशल को प्राप्त करने सफलता हासिल कर सके। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 व राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2022 के अनुसार शिक्षा की 5+4+4+3 की अवधारणा से सभी को परिचित कराया गया। इसके अनुसार 03-08 आयु वर्ग के बच्चों पर फाउंडेशन स्टेज के माध्यम से फ़ोकस किया गया। विशेष रूप से इस आयुवर्ग में सीखने की क्षमता व बौद्धिक विकास तीव्र गति से होता हैं, जिनका उपयोग बालवाड़ी/प्री-स्कूल के रूप में खेल-खेल के माध्यम से किया जा सकता हैं। जिससे बच्चा 06 वर्ष की आयु तक कक्षा पहली में प्रवेश लेने हेतु दक्ष हो सके। स्कूल रेडीनेस के तहत पियर्स लर्निंग, विषय मित्र, गली मित्र के माध्यम से बच्चों में स्वयं से सीखने व विभिन्न चुनौतियों को पूर्ण करने की क्षमता विकसित करने की आदत बनाने हेतु प्रेरित किया गया। नवा जतन के माध्यम से बच्चों बुनियादी दक्षता विकास की विभिन्न पहलूओं से परिचित कराया गया।



### बहुकक्षीय शिक्षण विधि पर पर की गई विस्तृत चर्चा

इस प्रशिक्षण की अंतिम दिवस में एमजीटी बहुकक्षीय शिक्षण विधि पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अनुसार शाला में भौतिक संशाधन अथवा शिक्षकों की कमी होने के कारण एक शिक्षक को एक ही समय मे बहुकक्षीय संचालन करना पड़ता है। इस क्षेत्र में अच्छे से कार्य करने हेतु शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया, ताकि विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षक एक साथ बहुकक्षीय शिक्षण का संचालन आसानी की कर सकें। इस प्रशिक्षण में सोनलाल चंद्राकर डीआरजी बेमेतरा व जितेन्द्र सिन्हा डीआरजी बेमेतरा ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## शिकसा के नए पदाधिकारियों ने ली शपथ, शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण व शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन राजधानी रायपुर के सिविल लाइन स्थित वृंदावन हाल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपमुख्य मंत्री अरूण साव थे, अध्यक्षता दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने की। विशिष्ट अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर, डॉ. प्रकाश ठाकुर, आचार्य डॉ. महेश चन्द्र शर्मा, जागेश्वरी मेश्राम, परसराम साहू, डॉ.प्रमोद आदित्य, सीपी ठाकुर थे।

■ राजधानी रायपुर में हुआ शपथ ग्रहण व शिक्षक सम्मान समारोह

कार्यक्रम की शुरुआत एस.वीणा पटेल द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना, उषा भट्ट के राजगीत तथा डॉ. प्रमोद आदित्य एवं साथियों द्वारा प्रस्तुत शीर्षक गीत के साथ हुआ। उसके बाद प्रांतीय पदाधिकारियों को अतिथियों ने शपथ दिलाई। साथ ही शिकसा के वार्षिक कैलेन्डर, शिकसा डायरी व शिकसा परिचायिका का विमोचन किया गया। वहीं, उत्कृष्ट कार्यों के लिए संस्था के पदाधिकारियों व शिक्षकों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि अरूण साव ने बाहर होने के कारण कार्यक्रम को फोन के माध्यम से संबोधित किया। वहीं, कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सांसद विजय बघेल ने संस्था के कार्यों की सराहना की। उन्होंने संस्था के संयोजक डॉ शिवनारायण देवांगन को बधाई देते हुए कहा कि, शारीरिक रूप से दिव्यांग होते हुए भी इतनी बड़ी संस्था के माध्यम से लोगों को जोड़कर रखा है और प्रतिभाओं को सामने लाने का प्रयास कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर सहित अन्य अतिथियों ने भी शिक्षक कला व साहित्य अकादमी के कार्यों की सराहना की। संस्थापक व संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस ने संस्था पर विचार, प्रांताध्यक्ष कौशलेंद्र पटेल व नीता त्रिपाठी ने अध्यक्षीय उद्बोधन, महासचिव डॉ.बोधीराम साहू ने सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन बोधीराम साहू, मोहित कुमार शर्मा व उषा भट्ट ने तथा आभार प्रदर्शन महेत्तर लाल देवांगन ने प्रस्तुत किया।





### इनका हुआ सम्मान

कार्यक्रम में प्रातांध्यक्ष कौशलेन्द्र पटेल, उपाध्यक्ष हर्षा देवांगन, महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, कोषाध्यक्ष महेत्तर लाल देवांगन, संगठन मंत्री राधेश्याम कंवर, संयुक्त सचिव पुष्पांजलि ठाकुर, कार्य. सदस्य विजय प्रधान, प्रातांध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ नीता त्रिपाठी व महासचिव संध्या पाठक को विशेष योगदान के लिये बेस्ट कोर कमेटी सम्मान से सम्मानित किया गया। वहीं, 161 शिक्षकों को शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया।

## माहेश्वरी समाज के 42 लोगों ने किया रक्तदान

### चार दिवसीय महेश नवमी महोत्सव के पहले दिन रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

माहेश्वरी समाज द्वारा 4 दिवसीय महेश नवमी महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित माहेश्वरी भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान रक्तदान करने में समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। पहली बार शहर में एक दिन में 42 यूनिट रक्त दान किया गया।

■ शिविर में शामिल हुए कलेक्टर शर्मा, रक्तदान के लिए लोगों को किया प्रेरित




शिविर में कलेक्टर रणबीर शर्मा भी शामिल हुए। वहीं इस अवसर पर अपर कलेक्टर डा. अनिल वाजपेयी, एसडीएम घनश्याम सिंह तवर, सीएमएचओ सीएस चुरेंद्र ,समाज के जिला अध्यक्ष देवरत्न तापड़िया, सुनीता दुलीचंद चांडक ,माहेश्वरी समाज अध्यक्ष अरुण राठी, युवा संगठन अध्यक्ष दिलीप बंटी चाचा की मौजूदगी में रक्तदान शिविर हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि एक सशक्त समाज सशक्त राष्ट्र का निर्माण करता है। रक्त दान को लेकर आज भी लोगों के मन में कई सारी गलत धारणाएं मौजूद हैं। ज्यादातर लोग ऐसा सोचते हैं कि ब्लड डोनेट करने से कमजोरी आ जाती है और फिर कई बीमारियां लग सकती हैं, जो कि पूरी तरह से गलत धारणा है। उन्होंने कार्यक्रम में समाज के द्वारा आयोजित महेष नवमी उत्सव में सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि अगर सारे समाज सशक्त हों तो एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण करता है, और समाज सशक्त तब होता है जब वह शिक्षित व स्वस्थ हो, आप सभी को फिट रहना चाहिए स्वस्थ रहना चाहिए। उन्हेंने कहा कि सभी को शिक्षित होने के साथ-साथ किताबें पढ़नी चाहिए। इसके लिए उन्होंने भवन में वाचनालय की व्यवस्था की अपील की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष अरुण राठी ने कहा कि माहेश्वरी समाज के मूल मंत्र सेवा त्याग सदाचारी को आत्मसात करते हुए आज सेवा के क्षेत्र में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। जिसमें समाज के युवा महिला बालिका एवं वरिष्ठ सदस्यों ने रक्त रक्तदान कर अपनी जरूरतमंद को रक्त दान कर अपनी भूमिका का निर्वाह किया। कार्यक्रम में समाज के संजू लखोटिया ,अशोक राठी ,प्रवीण लखोटिया , रमन काबरा तारा चंद चाचा ,नीरज चांडक, महेश भूतड़ा, रितेश तापड़िया, वर्षा लखोटिया, रेनू राठी ,कु नीतू कोठारी ,कुमारी स्मिता लखोटिया, मोतीलाल गिलढा ,संजय बजाज ,अमित राठी ,सुनील डागा, मनोज राठी ,राहुल राठी ,संदीप राठी, विजय मूंदड़ा सहित अन्य पदाधिकारी व सामाजिक जनउपस्थित रहे। आभार बंटी चाचा व संचालन चंद्रप्रकाश मूंदड़ा ने किया।

### आज करेंगे पौधारोपण

महेश नवमी महोत्सव के दूसरे दिन आज शुक्रवार को माहेश्वरी सभा द्वारा भव्य पौधारोपण किया जाएगा। सदस्यों ने बताया कि स्वच्छ सुंदर बनाने पर्यावरण को बढ़ावा देते हुए आज समाज जन जिला मुख्यालय स्थित पाड़े तालाब में विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण करेंगे।

## सांसद बनने के बाद पहली बार बालोद पहुंचे भोजराज, रैली निकालकर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग सांसद बनने के बाद पहली बार बालोद शहर पहुंचे। जहां सांसद श्री नाग का भाजपाइयों ने भारी उत्साह के साथ स्वागत किया।

■ भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

सांसद भोजराज नाग ने कार्यकर्ताओं के साथ बाजे गाजे के साथ शहर का भ्रमण किया। इस दौरान जिले के तमाम भाजपा नेता व सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता भी शामिल हुए। सांसद के बालोद शहर भ्रमण को भाजपाइयों ने विजयी रैली का नाम दिया। विजयी रैली कार्यक्रम में नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग व जिले के भाजपा नेताओं ने शहर के सरदार पटेल मैदान से बाजे गाजे के साथ रैली निकाली। यह रैली शहर के घड़ी चौक से सदर रोड, बुधवारी बाजार, नयापारा, मारार पारा, मधुचौक, जय स्तंभ चौक होते हुए ग्राम जुंगेरा में स्थित जिला भाजपा कार्यालय में समापन हुआ। भाजपा कार्यालय में जिले के तमाम बड़े नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा हुई।



इस दौरान जिला अध्यक्ष पवन साहू, कलस्टर सहप्रभारी यशवंत जैन, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश यादव, पूर्व विधायक बिरेन्द्र साहू,,यज्ञदत्त शर्मा, प्रमोद जैन, राकेश छोटू यादव, पार्षद कमलेश सोनी, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष आदित्य पिपरे, अमित चोपड़ा सहित जिले के अन्य नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मनरेगा से मजदूरों को रोजगार मिलने से जीवन में आ रहा व्यापक बदलाव

बालोद/सिकोसा। मनरेगा न सिर्फ मजदूरों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रहा है बल्कि उनके जीवन में व्यापक बदलाव भी ला रहा है। बीते वित्त वर्ष में लक्ष्य से भी अधिक कार्य दिवस मजदूरों को उपलब्ध कराने के साथ मजदूरों की सुविधा के लिए कई कदम सकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। महिला श्रमिकों के लिए भी मनरेगा में रोगजार के समान अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गर्भवती महिलाओं को भी मातृत्व भत्ता प्रदान किया जा रहा है, जिसके तहत 50 दिन काम करने वाली गर्भवती महिलाओं को एक माह की मजदूरी के समान राशि भत्ते के रूप में दी जाती है। मनरेगा में सुधार की दिशा में एक और अहम कदम बढ़ाते हुए मजदूरों की हाजिरी भी ऑनलाइन कर दी गई है। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय के दिशा–निर्देशों के अनुसार काम करने श्रमिकों को कार्यस्थल पर पहुंचकर नेशनल मोबाइल मानिटरिंग सिस्टम एप पर रजिस्टर कराना होता है।

### पेज 11 का शेष

### कृषि अधिकारी ने ...

प्रतिशत है तथा 33833 मी.टन खाद का वितरण कृषकों को किया जा चुका है अर्थात 59 प्रतिशत खाद वितरण कृषकों किया जा चुका है। डीएपी का कुल संशोधित लक्ष्य 17920 मेट्रिक टन के विरुद्ध 11607 मेट्रिक टन डीएपी का भंडारण समितियों में किया जा चुका है इस प्रकार अभी तक 65 फीसदी डीएपी खाद ज़िले को प्राप्त हो गई है। कृषक बंधुओं से अपील है कि समितियों में भंडारित खाद बीज का शीघ्र उठाव करें।

कृषि अधिकारी ने किसानों को सलाह देते हुए बताया कि जिले के किसान उन्नत और स्वस्थ्य खेती करने के लिए डीएपी खाद के विकल्प में सुपर फास्फेट और एनपीके इफ़को खाद का उपयोग कर बेहतर पैदावार पा सकते हैं। यहाँ बताया गया कि जिले में वर्तमान में डीएपी खाद के अलावा 4250 मीट्रिक टन सुपर फास्फेट और एनपीके खाद उपलब्ध है। सिंगल सुपर फास्फेट में फास्फोरस 16 प्रतिशत और 11 प्रतिशत सल्फर पाया जाता है। इसलिए जिले के किसान डी.ए.पी. के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट या एनपीके खाद का उपयोग कर सकते हैं।

### ग्राम भोथीपार में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता में पचास से ज्यादा टीमें हुईं शामिल

## भिराई ने फाइनल में भालूकोन्हा को पछाड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही/कलंगपुर

ग्राम भोथीपार में आयोजित दो दिवसीय ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में लगभग पचास से अधिक टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में पहला स्थान भिराई की टीम ने प्राप्त किया, वहीं दूसरे स्थान पर भालुकोन्हा की टीम रही। समापन कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन में शामिल होने आए खिलाड़ियों का खेल कौशल देखने भोथीपार सहित समूचे अंचल से खेल प्रेमी पहुंचे थे। प्रतियोगिता में बाहर के भी प्रतिभावान खिलाड़ी शामिल हुए। इस तरह दर्शकों ने खिलाड़ियों के बेहतर खेल का आनंद लिया।



इस दौरान समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि प्रतिवर्ष समिति द्वारा ग्रामीण स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का बेहतरीन आयोजन किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा व क्षमता दिखाने का अवसर मिल रहा है। श्री चंद्राकर ने कहा कि प्रतियोगिता में आसपास के अलावा दूरदराज की कई टीमें भी भाग ले रही हैं, जिससे यहां आयोजन की भव्यता लगातार बढ़ रही है। इस वर्ष कबड्डी प्रतियोगिता का यह आयोजन अपने आप में भव्य प्रतीत हो रही है। उन्होंने खिलाड़ियों व आयोजन समिति को आश्वस्त करते हुए बताया कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते आपके सुख-दुख एवं प्रत्येक आयोजनों में सहभागी बनना मेरा कर्तव्य है। आपकी सेवा के लिए मैं सदैव तत्पर हूँ। वहीं, उन्होंने सफल आयोजन एवं बेहतर खेल प्रदर्शन के लिए आयोजन समिति एवं प्रतियोगी टीमों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो मंडल अध्यक्ष श्रीकांत वर्मा ने की। वहीं, सरपंच संत राम चंद्राकर, नेम लाल यादव, विशिष्ट अतिथि कामेश्वर मंडावी, एवल सिंह मंडावी, ताजुराम साहू, गोपीराम साहू, लेखराम साहू, पोषण साहू सहित खिलाड़ी एवं आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

